नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

No. of Printed Pages – **16**

# SS-30-Accountancy (Supp.)

## लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY)

## उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.



Downloaded from www.cclchapter.com

(5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) (i) यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब ।

(ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है ।

(iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं । परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सात प्रश्नों को हल करना है ।

(i) This question paper contains two Sections – A and B.

(ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.

(iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.

(7)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| ब | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | अथवा | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| **Section** | **Q. Nos.** | **Marks per question** |
|---|---|---|
| A | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| B | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | **OR** | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

(8) प्रश्न संख्या **22** (खण्ड–अ) तथा **30** (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Q. No. **22** (Section-A) and Q. No. **30** (Section-B).



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. साझेदारी संलेख के कोई दो तत्त्व लिखिए । **1**

   State any two contents of Partnership Deed.

2. साझेदार के प्रवेश करते समय, डूबत ऋण के लिए आयोजन में वृद्धि के लिए क्या प्रविष्टि होगी ? **1**

   What will be the entry for increasing the provision for bad-debt at the time of admission of a partner ?

3. उस खाते का नाम लिखिए, जिसके अंतर्गत साझेदार के प्रवेश करते समय लाभ-हानि खाते का क्रेडिट शेष हस्तांतरित किया जाता है । **1**

   Write down the name of account in which credit balance of profit and loss a/c transfer at the time of admission of a partner.

4. उस ख्याति का नाम लिखिए, जो साझेदार के अवकाश ग्रहण करते समय, उसे देय राशि से अधिक राशि देने पर उत्पन्न होती है । **1**

   Write down the name of goodwill, which is arise from amount to paid him in excess of his share at the time of retirement of a partner.

5. फर्म के समापन की स्थिति में, किस दायित्व का सर्वप्रथम भुगतान किया जाता हैं ? **1**

   In the case of dissolution, which liabilities are to be paid first ?

6. अंश प्रतिभूति प्रीमियम की राशि से ऋणपत्रों पर हानि अपलिखित करने की प्रविष्टि क्या होगी ? **1**

   What will be the entry write-off the amount of loss on issue of debenture out of securities premium ?

7. ब्याज-दर के आधार पर ऋणपत्रों को वर्गीकृत कीजिए । **1**

   Classify the debentures, on the basis of interest rate.



Downloaded from www.cclchapter.com

8. संयुक्त साहस की उस रीति का नाम लिखिए, जिसके अंतर्गत स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाता खोला जाता है । **1**

Write down the name of method in which memorandum joint venture account will be opened.

9. के, एल और एम एक फर्म में 3 : 2 : 1 में लाभ–हानि बाँटते हुए साझेदार हैं । 31 मार्च, 2019 को "के" फर्म से अवकाश ग्रहण करता है । इसी तिथि को पुस्तकों में लाभ–हानि खाते के डेबिट शेष ₹ 72,000 थे । "के" के अवकाश ग्रहण करते समय लाभ–हानि को अपलिखित करने की प्रविष्टि दीजिये । **2**

K, L and M are partners in a firm sharing Profit and Losses in 3 : 2 : 1. "K" retires from firm on 31st March, 2019. Debit balance of Profit and Loss account ₹ 72,000 on the date. Pass the journal entries to write-off Profit and Loss Account.

10. सुनीता एवं किरण ने क्रमश: ₹ 3,20,000 व ₹ 4,80,000 से संयुक्त बैंक खाता खोलकर संयुक्त साहस आरंभ किया । उन्होंने निर्माण के लिए ₹ 5,00,000 में ठेका लिया । ठेका मूल्य ₹ 6,50,000 प्राप्त हुआ । संयुक्त साहस खाता बनाइये, यदि पृथक पुस्तके रखी जाती हैं । **2**

Sunita and Kiran started a joint venture and opened joint bank account with ₹ 3,20,000 and ₹ 4,80,000 respectively. They take a contract ₹ 5,00,000 for construction. Contract price ₹ 6,50,000 were received. Prepare joint venture account, if separate books are kept.

11. सामान्य हानि तथा असामान्य हानि में दो अंतर बताइये । **2**

Give two differences between normal loss and abnormal loss.



Downloaded from www.cclchapter.com

12. 5000 किलोग्राम माल ₹ 100 प्रति किलोग्राम की दर से प्रेषण पर भेजा । 250 किलोग्राम माल की हानि हो गई । प्रेषणी ने 4250 किलोग्राम माल ₹ 120 प्रति किलोग्राम की दर पर बेचा । बिना बिके माल की गणना कीजिए, यदि :

(i) 250 किलोग्राम माल को सामान्य हानि माना जाए ।

(ii) 250 किलोग्राम माल को असामान्य हानि माना जाए । **2**

Goods 5000 kg. @ ₹ 100 per kg. were sent on consignment. 250 kg. goods were damaged and consignee sold 4250 kg @ ₹ 120 per kg. Calculate the value of unsold stock, if :

(i) 250 kg. goods are treated as normal loss.

(ii) 250 kg. goods are treated as abnormal loss.

13. ऐसी किन्हीं दो मदों के नाम लिखिए, जो प्राप्ति एवं भुगतान खाते में तो दिखाई जाती हैं, परंतु आय-व्यय खाते में नहीं दिखाई जाती हैं । **2**

Write down the name of any two items which are shown in Receipt and Payment account but not shown in Income and Expenditure account.

14. निम्न को स्पष्ट कीजिए :

(i) वसीयत से प्राप्ति

(ii) अक्षयनिधि कोष **2**

Explain the following :

(i) Legacies

(ii) Endowment fund

15. नेहा, नीरु और राज एक फर्म में 5 : 3 : 2 में लाभ-हानि बाँटती हुई साझीदार हैं । इनकी स्थिर पूँजी क्रमश: ₹ 1,00,000; ₹ 1,30,000 तथा ₹ 1,20,000 थी । 31 मार्च, 2019 को पुस्तके बंद करने के पश्चात् पाया कि उनको पूँजी पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज लगाना भूल गये । समायोजन प्रविष्टि दीजिए तथा विश्लेषण तालिका बनाइये । **4**

Neha, Neeru and Raj are partners in sharing Profit and Losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Their fixed capital were ₹ 1,00,000; ₹ 1,30,000 and ₹ 1,20,000 respectively. On 31$^{st}$ March, 2019 after closing the book, it was found that interest on capital @ 10 percent per annum was omitted. Pass adjustment entry and prepare analytical table.



Downloaded from www.cclchapter.com

16. एक्स, वाई और जेड एक फर्म में 2 : 1 : 3 में लाभ–हानि बाँटते हुए साझेदार हैं। फर्म ने सभी साझेदारों के जीवन पर एक ₹ 72,000 की संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी ले रखी थी। 1 अप्रैल, 2019 को संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी का समर्पण मूल्य ₹ 15,000 मूल्यांकित किया गया। निम्न स्थितियों में 1 अप्रैल, 2019 को आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए : **4**

(i) यदि जेड फर्म से अवकाश ग्रहण करता है।

(ii) यदि जेड की मृत्यु होती है।

*x*, y and z are partners in a firm sharing Profit and Losses in ratio of 2 : 1 : 3. The firm has taken a joint life insurance policy ₹ 72,000 on the lives of all partners. The surrender value of joint life insurance policy on 1st April, 2019 is estimated at ₹ 15,000. Pass journal entries on 1st April, 2019 in the following conditions :

(i) If z retired from the firm.

(ii) If z is expired.

17. फर्म के समापन पर जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए :

(i) एक साझेदार यशराज ने ₹ 20,000 के देनदार लिए।

(ii) वसूली व्यय ₹ 10,000 चुकाये।

(iii) एक साझेदार भावेश द्वारा ₹ 50,000 के लेनदारों का 20 प्रतिशत बट्टे पर भुगतान किया गया।

(iv) ₹ 50,000 के लेनदार का निपटारा, पुस्तकों में न दिखायी सम्पत्ति ₹ 45,000 से करने पर। **4**

Give journal entries on the dissolution of a firm :

(i) Debtor ₹ 20,000 taken by the partner Yashraj.

(ii) Realisation expenses were ₹ 10,000 paid.

(iii) Creditor of ₹ 50,000 were paid at discount at 20 percent by the partner Bhavesh.

(iv) Creditor of ₹ 50,000 is settled by Assets ₹ 45,000 is not shown in the books.



Downloaded from www.cclchapter.com

18. भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III भाग I के अंतर्गत समता एवं दायित्व भाग में "गैर–चालू दायित्व" शीर्षक के मुख्य उपशीर्षकों के नाम लिखते हुए आर्थिक चिट्ठा बनाइये । **4**

Prepare Balance Sheet, write down the name of the sub-head under the head "Non-current-Liabilities" in the Equity and Liabilities side of the Balance Sheet under Schedule III Part I of the Company Act, 2013.

19. भीलवाड़ा की भाविका ने अजमेर की अर्पिता को 100 सेट कम्प्यूटर के ₹ 30,000 प्रति कम्प्यूटर बीजक मूल्य पर (लागत मूल्य ₹ 25,000) प्रति सेट प्रेषण पर भेजे । भाविका ने गाड़ी–भाड़ा ₹ 20,000 चुकाये । अर्पिता के गोदाम से 20 सेट कम्प्यूटर चोरी हो गये । अर्पिता ने 80 सेट कम्प्यूटर ₹ 30,000 प्रति सेट की दर से बेचे, तथा ₹ 1,000 प्रति सेट कमीशन वसूल किया । भाविका ने बीमा कम्पनी से पूर्ण भुगतान में ₹ 4,00,000 दावा राशि प्राप्त की । लागत मूल्य पर प्रेषण खाता बनाइये । **4**

Bhavika of Bhilwara consigned 100 sets of computer on invoice price of ₹ 30,000 (cost ₹ 25,000) each to Arpita of Ajmer. Bhavika incurred carriage ₹ 20,000. 20 sets were stolen from the Godown of Arpita. Arpita sold 80 sets of computers @ ₹ 30,000 per set of computer and charged commission ₹ 1,000 per computer on sales. Bhavika received ₹ 4,00,000 from insurance company in full settlement of the claim. Prepare Consignment Account at cost price.

20. संयुक्त साहस में निम्न दशाओं में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये, यदि पृथक पुस्तके रखी जाती हों **4**

(i) जब उधार माल बेचा जाता हो ।

(ii) जब संयुक्त साहस के द्वारा व्ययों का भुगतान किया जाता हो ।

(iii) जब एक सह–साहसी द्वारा शेष बचा माल लेने पर ।

(iv) जब सह–साहसी की पूँजी पर ब्याज स्वीकृत किया गया हो ।

In following cases, give journal entries in joint-venture, if separate set of books kept :

(i) When goods are sold on credit.

(ii) When expenses paid by joint-venture.

(iii) When a co-venture takes remaining goods of joint-venture.

(iv) When interest on capital allowed to co-venture.



Downloaded from www.cclchapter.com

21. निम्न सूचनाओं से मधुसूदन क्लब का आय-व्यय खाता बनाइये :

प्रारंभिक रोकड़ शेष ₹ 10,000; चंदा प्राप्त किया (₹ 600 गत वर्ष का; ₹ 12,400 चालू वर्ष का ₹ 1,000 अगले वर्ष का); वेतन चुकाया ₹ 4,000 (₹ 1,000 गत-वर्ष का शामिल हैं); फर्नीचर क्रय किया ₹ 30,000 (मूल्यह्रास दर 10 प्रतिशत); मशीन बेचने पर हानि ₹ 2,000; चालू वर्ष का बकाया चंदा ₹ 1,000; चालू वर्ष का बकाया वेतन ₹ 800; देय ब्याज ₹ 400; अंतिम रोकड़ शेष ₹ 15,000. **4**

Prepare income and expenditure from the following informations of Madhusudan Club :

Opening cash balance ₹ 10,000; Subscription received were (for last year ₹ 600; for current year ₹ 12,400 and ₹ 1,000 for next year); Salary paid ₹ 4,000 (₹ 1,000 including for last year); Furniture purchased ₹ 30,000 (depreciation rate 10%); Loss on sale of Machine ₹ 2,000; Outstanding subscription for current year ₹ 1,000; Outstanding salary for current year ₹ 800; Payable interest ₹ 400; Closing cash balance ₹ 15,000.

22. एक्स और वाई 2 : 1 में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं, 31 मार्च, 2019 को इनका आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार से हैं :

| दायित्व | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| बकाया किराया | 2,000 | बैंक शेष | 34,400 |
| संचय कोष | 18,000 | देनदार 32,000 | |
| पूँजी : | | (–) आयोजन 2,400 | 29,600 |
| एक्स 1,20,000 | | स्कंध | 80,000 |
| वाई 1,00,000 | 2,20,000 | प्लान्ट एवं मशीन | 96,000 |
| | **2,40,000** | | **2,40,000** |

जेड को लाभों में 1/4 हिस्से के लिए निम्न शर्तों के साथ प्रवेश देते हैं, वह अपना हिस्सा एक्स से प्राप्त करेगा :

(i) जेड अपनी पूँजी के लिए राज लिमिटेड के ₹ 1,00,000 अंश लाता है ।

(ii) फर्म की ख्याति का वर्तमान मूल्य ₹ 32,000 है, जेड अपने हिस्से की ख्याति रोकड़ नहीं लाता है ।

(iii) डूबत ऋण के लिए आयोजन को 10 प्रतिशत तक बढ़ाइए तथा बकाया वेतन की अब आवश्यकता नहीं है ।

(iv) प्लांट का मूल्यांकन ₹ 80,000 पर किया गया तथा स्कंध का मूल्य ₹ 4,000 से बढ़ाइये ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा पूँजी खाते बनाइये । **6**



Downloaded from www.cclchapter.com

$x$ and y are partner sharing profit in the ratio 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2019 is as under :

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Outstanding Rent | 2,000 | Bank Balance | 34,400 |
| Reserve Fund | 18,000 | Debtor 32,000 | |
| Capital : | | (–) PBD 2,400 | 29,600 |
| $x$ 1,20,000 | | Stock | 80,000 |
| y 1,00,000 | 2,20,000 | Plant & Machinery | 96,000 |
| | **2,40,000** | | **2,40,000** |

They admitted z in the firm 1/4 share which will be received from $x$ with following terms :

(i) z brings share of Raj Ltd. worth ₹ 1,00,000 as his capital.

(ii) The present value of goodwill is ₹ 32,000. z not bring his share of goodwill in cash.

(iii) Provision for bad-debt be increased upto 10% and outstanding salary is not required now.

(iv) Plant valued at ₹ 80,000 and Stock will be increased by ₹ 4,000.

Prepare Revaluation account and Partners' Capital accounts.

**OR/अथवा**

ए, बी और सी 2 : 2 : 1 में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं, इनकी स्थिर पूँजी क्रमशः ₹ 60,000; ₹ 40,000 तथा ₹ 25,000 थी । अंतिम खाते प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को बनाये जाते हैं । साझेदारी संलेख के अनुसार :

(i) उनकी स्थिर पूँजी पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया जायेगा ।

(ii) उनका लाभों में हिस्सा, पिछले तीन वर्षों के लाभों के औसत के आधार पर रहेगा ।

(iii) ए को ₹ 1,000; बी को ₹ 800 तथा सी को ₹ 600 प्रतिमाह वेतन देय हैं ।

(iv) ख्याति में हिस्सा निर्धारण पिछले तीन वर्षों के औसत लाभों के दो वर्षों के क्रय के बराबर किया जायेगा ।

(v) पिछले तीन वर्षों के लाभ क्रमशः ₹ 40,000; ₹ 45,000 तथा ₹ 50,000 थे ।

1 जुलाई, 2019 को ए की मृत्यु हो गयी तथा इसी तिथि को इसके चालू खाते का डेबिट शेष ₹ 7,420 था । "ए" के उत्तराधिकारी का खाता बनाइये ।



Downloaded from www.cclchapter.com

A, B and C are partners sharing profit in the ratio 2 : 2 : 1. Their fixed capital were ₹ 60,000; ₹ 40,000 and ₹ 25,000 respectively. Final account are prepared on 31st December each year. According to partnership deed :

(i) Interest on fixed capital would be given @ 10% per annum.

(ii) Share in profits which will be based on average profit of last three year's profit.

(iii) Salary per month would be given to A ₹ 1,000; to B ₹ 800 and to C ₹ 600.

(iv) Determine the share of goodwill would be based on two years purchase of the average profits of last three years.

(v) The profits of last three year ₹ 40,000; ₹ 45,000 and ₹ 50,000 respectively.

"A" died on 1st July, 2019, on that day A's current account has a debit balance ₹ 7,420.

Make A's executor a/c.

23. (a) विनोद लिमिटेड ने रवि लिमिटेड से ₹ 3,96,000 का फर्नीचर खरीदा । जिसका भुगतान 10 प्रतिशत ऋणपत्रों ₹ 100 प्रति ऋणपत्र के निर्गमन मूल्य से करना है । फर्नीचर क्रय करने एवं ऋणपत्रों के निर्गमन की विनोद लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए, जब –

(i) ऋणपत्रों का सम–मूल्य पर निर्गमन किया गया हो ।

(ii) ऋणपत्रों का 10 प्रतिशत बट्टे पर निर्गमन किया गया हो ।

(iii) ऋणपत्रों का 10 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमन किया गया हो ।

(b) पंकज लिमिटेड की पुस्तकों में निम्न दशा में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए :

पंकज लि. ने ₹ 100 वाले 12%, 1000 ऋणपत्र, जिनको 5% बट्टे पर जारी किया गया था, उनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाना हो । **6**



Downloaded from www.cclchapter.com

(a) Vinod Ltd. purchased a furniture worth ₹ 3,96,000 from Ravi Ltd. The payment was made by issue of 10% debentures of ₹ 100 each. Pass journal entries for purchase of furniture and issue of debentures when :

(i) Debentures are issued at par.

(ii) Debentures are issued at 10% discount.

(iii) Debentures are issued at 10% premium.

(b) Pass journal entries in the books of Pankaj Ltd. in following cases :

Pankaj Ltd. issued 1,000; 12% debenture of ₹ 100 each at 5% discount. These debentures are redeemable at 10% premium.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

24. उस वित्तीय विश्लेषण तकनीक का नाम बताइये, जो अंत: फर्म तुलना की जाँच करती है । **1**

Write down the name of Financial Analysis Technique which is checked intra-firm comparison.

25. चालू अनुपात का आदर्श अनुपात लिखिए । **1**

Write down the ideal-ratio of current ratio.

26. एक कम्पनी की रोकी गई आय क्या होगी, यदि लाभांश भुगतान अनुपात 65% हो ? **2**

What will be the retaining earning of a company, if dividend payout ratio is 65% ?

27. वित्तीय विश्लेषण के प्रकारों के नाम लिखिए । **2**

Write down the name of types of Financial Analysis.



Downloaded from www.cclchapter.com

28. निम्नलिखित सूचनाओं से समानाकार लाभ–हानि विवरण–पत्र बनाइये : **4**

| **मदें** | **वर्ष 2018** | **वर्ष 2019** |
|---|---|---|
| विक्रय (आगम) | 2,00,000 | 3,00,000 |
| बेचे गये माल की लागत | बिक्री का 60% | बिक्री का 70% |
| अप्रत्यक्ष व्यय | सकल लाभ का 50% | सकल लाभ का 40% |
| आयकर | कर से पूर्व लाभ का 50% | कर से पूर्व लाभ का 50% |

Prepare common size statement of Profit and Loss from the following information:

| **Items** | **Year 2018** | **Year 2019** |
|---|---|---|
| Sales (Revenue) | 2,00,000 | 3,00,000 |
| Cost of sales | 60% of sales | 70% of sales |
| Indirect expenses | 50% of Gross profit | 40% of Gross profit |
| Income-tax | 50% of PBT | 50% of PBT |

29. निम्न पर लघु टिप्पणी लिखिए : **4**

(i) लेखांकन में नैतिकता

(ii) दिखावटी लेनदेन

Write short note on :

(i) Ethics in accounting

(ii) Window dressing



Downloaded from www.cclchapter.com

30. महादेव लिमिटेड की निम्न सूचनाएँ हैं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 80,000; 9% पूर्वाधिकार अंश ₹ 10 प्रति | = | 8,00,000 |
| ₹ 10 वाले 50,000 समता अंश | = | 5,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | = | 3,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य | = | 2,00,000 |
| चालू दायित्व | = | 2,00,000 |

**अन्य सूचनाएँ :**

(i) करों से पूर्व तथा ब्याज के पश्चात् (PBT) शुद्ध लाभ ₹ 5,00,000 है । कर की दर 50% है ।

(ii) समता अंशों पर लाभांश की दर 10% है ।

निम्न की गणना कीजिए :

(i) प्रति अंश अर्जन (EPS)

(ii) प्रति अंश लाभांश (DPS)

(iii) लाभांश भुगतान अनुपात

(iv) स्वामित्व अनुपात

(v) ऋण–समता अनुपात

(vi) ब्याज–आवरण अनुपात 6



Downloaded from www.cclchapter.com

Following are the information of Mahadev Ltd :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 80,000; 9% Preference share of ₹ 10 each | = | 8,00,000 |
| 50,000; Equity share of ₹ 10 each | = | 5,00,000 |
| 10% Debenture | = | 3,00,000 |
| Reserve & Surplus | = | 2,00,000 |
| Current Liabilities | = | 2,00,000 |

**Additional information :**

(i) Net profit before tax after interest (PBT) ₹ 5,00,000. Tax Rate is 50%.

(ii) Dividend on equity share is 10%.

Calculate the following :

(i) Earning Per Share (EPS)

(ii) Dividend Per Share (DPS)

(iii) Dividend pay-out ratio.

(iv) Proprietory ratio

(v) Debt equity ratio

(vi) Interest coverage ratio.

**OR/अथवा**

(a) एक कम्पनी का चालू अनुपात 3 : 1 और तरल अनुपात 1.5 : 1 हैं । यदि कार्यशील पूँजी ₹ 2,00,000 हो, तो चालू सम्पत्तियाँ, चालू दायित्व और स्कंध का मूल्य ज्ञात कीजिए, कि कम्पनी में कोई पूर्वदत्त व्यय नहीं हैं ।

(b) निम्न सूचनाओं से विक्रय तथा सकल लाभ की राशि ज्ञात कीजिए :

औसत स्कंध ₹ 40,000; स्कंध आवर्त अनुपात 6 गुना; विक्रय मूल्य लागत से 25% अधिक ।

(a) Current ratio is 3 : 1 and Quick ratio is 1.5 : 1 of a company. If the working capital is ₹ 2,00,000, calculate the value of Current Assets, Current Liabilities and Stock that no prepaid expenses in a company.

(b) Calculate the amount of Sales and Gross profit from the following information :

Average Stock ₹ 40,000; Inventory Turnover ratio is 6 times; Selling price is 25% excess on cost.



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ब

## SECTION – B

24. ऋण की किश्त गणना में प्रयुक्त फंक्शन का नाम लिखिए। **1**

Write down the name of function used for calculation of installment of loan.

25. स्प्रेड-शीट क्या हैं ? **1**

What is Spread-Sheet ?

26. आउटपुट (निर्गत) यंत्रों के कोई चार उदाहरण लिखिए। **2**

Write down any four examples of output devices.

27. डी.बी.एम.एस. के कोई दो कार्य लिखिए। **2**

Write down any two functions of DBMS.

28. डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम के कोई चार घटक (तत्त्व) स्पष्ट कीजिए। **4**

Explain any four components of Data Base Management System.

29. डेटा प्रक्रम चक्र के स्तर स्पष्ट कीजिए। **4**

Explain the levels of data processing cycle.

30. डी.बी.एम.एस. क्या है, तथा इसके कोई पाँच लाभ स्पष्ट कीजिए। **6**

अथवा

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली को परिभाषित कीजिए तथा इसके कोई पाँच लाभ स्पष्ट कीजिए।

What is DBMS and explain any five advantages of it ?

**OR**

Define computerized accounting system and explain any five advantages of it.

---



Downloaded from www.cclchapter.com